भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3883

जिसका उत्तर 17 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

संशोधित कोयला उत्पादन लक्ष्य

3883. श्री सुधीर गुप्ताः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री गजानन कीर्तिकरः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोल इण्डिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2023 से वित्तीय वर्ष 2025 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य को संशोधित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सीआईएल अगले कुछ वर्षों में 10,000 करोड़ रु॰ निवेश करने की योजना बना रहा है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें निधि निवेश किया जाएगा और इस प्रयोजन हेतु सीआईएल द्वारा जुटाई गई निधि का स्रोत क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) तथा (ख): कोल इंडिया लिमिटेड के लिए वर्ष 2024-25 तक कोयला उत्पादन का लक्ष्य निम्नानुसार हैः-

(मिलियन टन में)

कंपनी	19-20	20-21	21-22	22-23	23-24	24-25
सीआईएल	660.00	710.00	765.00	822.00	880.00	940.00

वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2025 तक लक्ष्य में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

(ग) तथा (घ): सीआईएल ने चालू वर्ष तथा उसके बाद की अवधि के दौरान निवेश हेतु वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 10,000 करोड़ रु. का कैपेक्स लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्य शीर्ष-वार कैपेक्स वितरण निम्नानुसार हैः-

(करोड़ रु. में)

शीर्ष		**समग्र**
भूमि		1904.79
भवन		436.57
संयंत्र एवं मशीनरी	हैवी अर्थ मूविंग एंड मशीनरी	2283.61
अन्य संयंत्र एवं मशीनरी	भूमिगत, सुरक्षा, कोयला रखरखाव संयंत्र, वाशरी, विद्युत आदि	1584.28
रेल साइडिंग		373.05
खान विकास		1021.71
अन्य	फर्नीचर, फिक्सचर, कार्यालय उपकरण, जलापूर्ति, उद्यम संसाधन आयोजना, मास्टर कार्य योजना, अनुसंधान एवं विकास	1812.79
अन्वेषण/पूर्वेक्षण		583.21
कुल योग		**10000**

सीआईएल के कैपेक्स के निर्धारित कोष का प्रबंधन इसके आंतरिक संसाधनों के माध्यम से किया जाता है।

***